नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
जबलपुर संस्करण 77 वां वर्ष


5 ईवीएम का करंट इटली में लगना चाहिए : शाह


6 एकता, साहस और स्वालंबन के प्रतीक सरदार पटेल


7 अडानी एयरपोर्ट्स में डिजिटल क्रांति


8 मोनी और जयवीर सिंह ने जीते स्वर्ण पदक

## एक नजर में



### जस्टिस सूर्यकांत होंगे भारत के 53 वें सीजेआई

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट के सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत को देश का 53वां चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) नियुक्त किया है. वे 24 नवंबर को शपथ लेंगे. लॉ मिनिस्ट्री ने गुरुवार को यह जानकारी दी. वे मौजूदा सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई की जगह लेंगे. जस्टिस सूर्यकांत का कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा. वे 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे. जस्टिस सूर्यकांत ने 20 साल की न्यायपालिका की सेवा में उन्होंने कई ऐतिहासिक फैसले सुनाए. पेगासस जासूसी मामले में वे उस बेंच का हिस्सा रहे, जिसने साइबर विशेषज्ञों की कमेटी बनाकर जांच करवाई. बता दें कि सीजेआई गवई ने सोमवार को केंद्र सरकार से उनके नाम की सिफारिश की थी. सीजेआई गवई का कार्यकाल 23 नवंबर को खत्म हो रहा है.

### विमेंस वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत

मुंबई. भारत ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है. टीम ने गुरुवार को 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया. डीवाई पाटिल स्टेडियम में 339 रन का टारगेट भारतीय टीम 48.3 ओवर में 5 विकेट पर चेज कर लिया. जेमिमा रॉड्रिग्ज 127 और अमनजोत कौर 15 रन बनाकर नाबाद लौटीं. इसी के साथ भारतीय टीम ने तीसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई. 2 नवंबर को उसका सामना साउथ अफ्रीका से होगा. भारतीय टीम ने 59 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे. यहां से जेमिमा रॉड्रिग्ज ने मोर्चा संभाला और टीम को जीत दिलाई. वे 134 बॉल पर 127 रन बनाकर नाबाद लौटीं. जेमिमा ने 14 चौके लगाए.

### ट्रंप ने परमाणु हथियारों के परीक्षण का दिया आदेश

नई दिल्ली. चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ अपनी बैठक से ठीक पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) को परमाणु हथियारों की टेस्टिंग शुरू करने का आदेश दिया है. ट्रंप ने रक्षा विभाग को अन्य परमाणु शक्तियों के साथ समान आधार पर परमाणु हथियारों का परीक्षण तुरंत फिर से शुरू करने का निर्देश दिया है. दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप गुरुवार को दक्षिण कोरिया में चीन के राष्ट्रपति शी चिनपिंग से मुलाकात की है. ट्रंप ने कहा कि अन्य देशों के परीक्षण कार्यक्रमों के कारण, मैंने युद्ध विभाग को समान आधार पर हमारे परमाणु हथियारों का परीक्षण शुरू करने का निर्देश दिया है. यह प्रक्रिया तुरंत शुरू होगी.

# अपहृतकर्ता का एनकाउंटर

## इलाज के दौरान मौत, 17 बच्चे को बुलाकर बनाया था बंधक

**महाराष्ट्र**, 30 अक्टूबर. **मुंबई के पवई इलाके में स्थित रॉ स्टूडियो में गुरुवार दोपहर को बच्चों को बंधक बनाने की घटना के मामले में एक बड़ी खबर सामने आई है. ऑडिशन के बहाने 17 बच्चे सहित 19 लोगों को बुलाकर बंधक बनाने वाला मानसिक रूप से अस्थिर बताए गए आरोपी रोहित आर्य को पुलिस कार्रवाई के दौरान हुई झड़प में गोली लग गई थी. अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.**



जब पुलिस बाथरूम के रास्ते अंदर दाखिल हुई थी, तब आरोपी के हाथ में एक एयर गन और कुछ केमिकल था. उसे पुलिस ने सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन आरोपी नहीं माना. इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें उसे गोली लगी. गोली लगने के बाद उसे जोगेश्वरी ट्रॉमा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. बच्चों को सुरक्षित बचाए जाने के बाद पुलिस ने बताया कि दोपहर लगभग 1.45 बजे पुलिस को इस घटना की जानकारी मिली. सूचना मिलते ही पुलिस की अलग-अलग टीम मौके पर पहुंचीं और स्टूडियो के अंदर फंसे बच्चों को रेस्क्यू ऑपरेशन के जरिए सुरक्षित बाहर निकाला गया.




**मेरी ज्यादा मांगें नहीं है :** रोहित ने बच्चों को बंधक बनाने के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था, जिसमें वह कह रहा था... मैं रोहित आर्या हूं। सुसाइड करने के बजाय मैंने एक योजना बनाई है और कुछ बच्चों को यहां बंधक बनाकर रखा है। मेरी ज्यादा मांगें नहीं हैं। मेरी बहुत ही साधारण मांगें हैं, नैतिक मांगें हैं और कुछ सवाल हैं।

### बंधक बच्चों की उम्र 4 से 5 साल थी

पुलिस के मुताबिक, कुल 17 बच्चे, 1 सीनियर सिटीजन और 1 सिविलियन को अंदर बंधक बनाकर रखा गया था। पहले पुलिस ने आरोपी से बातचीत के जरिए स्थिति संभालने की कोशिश की, लेकिन जब बात नहीं बनी तो पुलिस ने फोर्सफुली स्टूडियो में प्रवेश किया। मौके पर क्यूआरटी और स्पेशल फोर्स मौजूद थीं। पुलिस जांच में सामने आया है कि बच्चों को वेब सीरीज के ऑडिशन के नाम पर बुलाया गया था, जिसके बाद उन्हें बंधक बना लिया गया। चूंकि बंधकों में छोटे बच्चे शामिल थे, इसलिए यह ऑपरेशन मुंबई पुलिस के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। बंधक बनाए गए बच्चों की उम्र 4 से 5 साल के बीच में थी, जिसमें कई छोटी बच्चियां शामिल थीं। आरोपी ने बच्चों को बंधक बनाने से पहले एक वीडियो जारी किया था, जिसमें उसने किसी बड़े धन या राजनीतिक मांग के बजाय नैतिक और सैद्धांतिक मुद्दों पर कुछ लोगों से बात करने की मांग की थी।

# शताब्दी वर्ष की तैयारियों पर मंथन

**आरएसएस की अखिल भारतीय बैठक**

**भागवत-होसबाले ने भारत माता को अर्पित किए पुष्प**



**जबलपुर**, 30 अक्टूबर. **राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक गुरुवार को जबलपुर के कचनार सिटी में प्रारंभ. बैठक का शुभारंभ संघ के पूजनीय सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पार्चन अर्पित कर किया.**

बैठक में संघ के सभी 6 सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, मुकुंदा, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, आलोक कुमार और अतुल लिमये सहित, अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य, सभी 11 क्षेत्रों और 46 प्रांतों के संघचालक, कार्यवाह, प्रचारक एवं निमंत्रित कार्यकर्ताओं सहित कुल 407 कार्यकर्ता मौजूद रहे.

बैठक के प्रारम्भ में पिछले दिनों में समाज वन की दिवंगत हस्तियों, जिसमें राष्ट्र सेविका समिति की पूर्व प्रमुख संचालिका प्रमिला ताई मेढ़े, वरिष्ठ प्रचारक मधुभाई कुलकर्णी, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी, झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, दिल्ली के वरिष्ठ राजनेता विजय मल्होत्रा, वरिष्ठ वैज्ञानिक कस्तूरीरंगन, पूर्व राज्यपाल एल. गणेशन, गीतकार पीयूष पाण्डेय, फिल्म अभिनेता सतीश शाह, पंकज धीर, हास्य अभिनेता असरानी, असम के प्रसिद्ध संगीतज्ञ जुबिन गर्ग सहित, पहलगाम में मारे गए हिन्दू पर्यटकों, एयर इंडिया हादसे, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, पंजाब सहित देश के अन्य भागों में प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

देश के विभिन्न भागों में आई प्राकृतिक आपदाओं में समाज के सहयोग से स्वयंसेवकों द्वारा किये गए सेवा कार्यों की भी जानकारी दी गई.

### बैठक में कार्यक्रमों की चर्चा

बैठक में श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान, बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती और वंदेमातरम रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वक्तव्य जारी किए जाएंगे तथा कार्यक्रमों की चर्चा भी होगी। बैठक में शताब्दी वर्ष में होने वाले गृह संपर्क अभियान, हिन्दू सम्मेलन, सद्भाव बैठक, प्रमुख जन संगोष्ठी की तैयारी पर भी चर्चा होगी। साथ ही विजयादशमी उत्सवों की समीक्षा होगी तथा वर्तमान परिस्थिति पर भी चर्चा होगी।

## तहव्वुर राणा के पाक संबंधों की जांच में अमेरिका से मांगी मदद

**नयी दिल्ली**, 30 अक्टूबर **(वार्ता)** भारत ने 2008 के मुंबई हमलों में अपनी भूमिका के लिए अमेरिका में दोषी ठहराए गए पाकिस्तानी-कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर हुसैन राणा के पाकिस्तान के साथ संबंधों की जांच के सिलसिले में अमेरिका से मदद मांगी है. राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गृह मंत्रालय के जरिए अमेरिकी अधिकारियों से औपचारिक रूप से संपर्क किया है. यह कदम मुंबई आतंकवादी हमलों के पीछे के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने और जरूरी सबूत जुटाने के भारत के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है. एनआईए ने अपने अमेरिकी समकक्षों को कुछ विशिष्ट प्रश्न भेजे हैं.

## जम्मू-कश्मीर विस में हंगामा

**श्रीनगर** 30 अक्टूबर. **जम्मू-कश्मीर विधानसभा में गुरुवार को विपक्षी भाजपा विधायक, एनसी विधायकों से भिड़ गए. सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा नेता खड़े हो गए और प्रश्नकाल स्थगित करने की मांग करने लगे.**

उनका कहना था कि सदन में जम्मू के बाढ़ प्रभावित इलाकों पर आधे घंटे की चर्चा की जाए, लेकिन अध्यक्ष अब्दुल रहीम राठेर ने बीजेपी विधायकों से प्रश्नकाल चलने देने का अनुरोध किया. भाजपा सदस्य नहीं माने और अपनी मांग पर अड़े रहे. हंगामा बढ़ने पर किश्तवाड़ से भाजपा विधायक शगुन परिहार सदन के वेल में जाने लगीं, लेकिन महिला वॉच एंड वार्ड स्टाफ ने उन्हें रोक दिया.



इसके बाद वेल में कूदने दो भाजपा विधायकों आरएस पठानिया और सुरिंदर कुमार को मार्शलों ने बाहर निकाल दिया. बीजेपी विधायक पूरे प्रश्नकाल तक सदन में खड़े रहे, बाद में उन्होंने बायकॉट कर दिया. उमर सरकार टेनेंसी रिफॉर्म, पंचायती राज, लेबर वेलफेयर और कोऑपरेटिव से जुड़े चार महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने की तैयारी में है.

# जन सुराज समर्थक की गोली मारकर हत्या

- **एनडीए प्रत्याशी अनंत सिंह के समर्थकों पर आरोप**
- **मोकामा के चुनावी माहौल में भारी तनाव**

**पटना. बिहार विधानसभा चुनाव के बीच मोकामा में गुरुवार को बड़ी हिंसक घटना सामने आई है. जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार पीयूष प्रियदर्शी के काफिले पर घोसवरी में हमला किया गया, जिसमें उनके चाचा दुलारचंद यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई.**

इस जघन्य वारदात का आरोप एनडीए प्रत्याशी अनंत सिंह के समर्थकों पर लगा है. इस हमले ने मोकामा के चुनावी माहौल में भारी तनाव पैदा कर दिया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. स्थानीय लोगों का कहना है कि दुलारचंद यादव एक दौर में लालू यादव के बेहद करीबी हुआ करते थे. वर्तमान में मोकामा के पीयूष प्रियदर्शी उर्फ़ लल्लू मुखिया को अपना समर्थन दिए हुए थे. दुलारचंद यादव ने चार दिन पहले ही लल्लू मुखिया को लेकर एक गीत भी गाया था. बताया जाता है कि एक जमाने में मोकामा टाल में इनकी काफी धमक हुआ करती थी.



### लाठी-डंडे से पिटाई के बाद गोली मारकर हत्या

मोकामा में राजनीतिक रंजिश की वजह से हुई इस हत्या से हड़कंप मच गया है. बताया जा रहा है कि मोकामा विधानसभा क्षेत्र में प्रचार के दौरान अनंत सिंह और जनसुराज के समर्थक आपस में भिड़ गएष इसी दौरान मामला हिंसक हो गया और जनसुराज पार्टी के नेता दुलालचंद यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई. चर्चा है कि दुलारचंद यादव और अनंत सिंह की पहले से ही अदावत रही है, जिसके कारण दुलारचंद यादव जनसुराज के उम्मीदवार पीयूष प्रियदर्शी के समर्थन में प्रचार कर रहे थे.

# बच्चों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं

## डॉ. मोहन यादव ने छात्रवृत्ति योजना के 300 करोड़ किए अंतरित

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल**, 30 अक्टूबर. **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है. बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सरकार के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है. मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए पहले मां सरस्वती को प्रसन्न करना पड़ता है, अर्थात् विद्यार्थियों के लिए मन लगाकर पढ़ाई में मेहनत करना जरूरी है.**

बच्चे खूब पढ़ें, आगे बढ़ें, इसके लिए सरकार हर समय विद्यार्थियों के साथ खड़ी है. राज्य सरकार सभी विद्यार्थियों को त्वरित रूप से सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है. प्रदेश के 52 लाख से अधिक विद्यार्थियों के बैंक खातों में समेकित छात्रवृत्ति योजना की 300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से जारी की जा रही है. आज देव दीपावली से पहले विद्यार्थियों की दीपावली मन रही है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना की जा रही है. देश में सबसे अच्छे शासकीय विद्यालय मध्यप्रदेश में बने हैं.



## बीजेपी नेता नवनीत राणा को जान से मारने और गैंगरेप की धमकी

**नई दिल्ली** 30 अक्टूबर. पूर्व सांसद और भाजपा नेता नवनीत राणा को एक बार फिर जान से मारने और गैंगरेप की धमकी मिली है. इस बार उनके अमरावती कार्यालय में स्पीड पोस्ट के जरिए एक खत में धमकी दी गई है. हालांकि इसकी शिकायत राजापेठ पुलिस स्टेशन में दर्ज करा दी गई है. इसके बाद अमरावती अपराध शाखा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राणा के आवास पर पहुंचकर पूछताछ की. एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है.




# स्कूलों में एआई पर पाठ्यक्रम होगा शुरू

**नई दिल्ली** 30 अक्टूबर **(वार्ता) शिक्षा मंत्रालय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि स्कूलों में कक्षा तीन से आगे एआई पर पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा.**

शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने भविष्य के लिए तैयार शिक्षा के आवश्यक घटकों के रूप में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग को आगे बढ़ाने के लिए आज अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है.

मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग (एआई और सीटी) सीखने, सोचने और सिखाने की अवधारणा को सुदृढ़ करेगी और धीरे-धीरे सार्वजनिक हित के लिए एआई के विचार की ओर विस्तारित होगी. यह पहल जटिल चुनौतियों को हल करने के लिए एआई के नैतिक उपयोग की दिशा में एक नया लेकिन महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह तकनीक कक्षा तीन से शुरू होगी. शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा तीन के बाद से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग की शुरुआत की जाएगी.




### सीबीएसई बोर्ड की 10वीं-12वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने आधिकारिक वेबसाइट पर सीबीएसई 10वीं और 12वीं परीक्षाओं के लिए फाइनल डेटशीट 2026 यानी टाइम टेबल जारी कर दी है, जो छात्र सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले हैं, वे बिना किसी लॉगिन क्रेडेंशियल के एग्जाम डेट की पीडीएफ देख और डाउनलोड कर सकते हैं. 10वीं बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी से 10 मार्च 2026 के बीच आयोजित की जाएगी.

## गुस्ताखी माफ




**सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती**

**30 करोड़ रुपए की लागत से बनी ई-बसें, करोड़ों की परियोजनाओं का किया शिलान्यास**

# पीएम मोदी ने 25 नई ई-बसों को दिखाई हरी झंडी

**राजपीपला**, 30 अक्टूबर **(वार्ता) सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर गुजरात में नर्मदा जिले के केवड़िया में दुनिया भर में मशहूर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 30 करोड़ रुपए की लागत से बनी 25 नई ई-बसों को गुरुवार को हरी झंडी दिखाई.**

मोदी ने इस मौके पर कहा, एकता नगर सिर्फ एक पर्यटन हब नहीं है, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा और सतत विकास का जीता-जागता उदाहरण है. ई-बसों के जुड़ने से हवा शुद्ध रहेगी, आवाज का प्रदूषण कम होगा और यात्रियों को आधुनिक, आरामदायक सुविधाएं मिलेंगी. उन्होंने इसके साथ ही हरित परिवहन और सतत पर्यटन की दिशा में एकता नगर को देश के एक बेहतरीन ई-सिटी के तौर पर विकसित करने का दृष्टिकोण पेश किया है. एकता नगर में अब कुल 55 ई-बसें यात्रियों को मुफ्त सफर की सर्विस देंगी. इस मौके पर मौजूद अधिकारियों और यात्रियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनकी इस हरित पहल का स्वागत किया. ये नई नौ मीटर लंबी एसी मिनी ई-बसें एक बार चार्ज करने के बाद 180 किलोमीटर तक चल सकती हैं. बस में दिव्यांगों के लिए खास सुविधाएं मौजूद हैं, जिसमें एक खास लिफ्टिंग सिस्टम के जरिए दिव्यांगों के लिए सीट नीचे करने का सिस्टम है, जिससे वे आराम से चढ़ और उतर सकें. इसके अलावा महिलाओं के लिए चार अलग पिंक सीटों का इंतजाम किया गया है ताकि वे सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का आनंद ले सकें

उल्लेखनीय है कि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी अथॉरिटी ने प्रधानमंत्री के भारत का पहला ई-सिटी के विज़न के तहत धीरे-धीरे ई-कार, ई-रिक्शा और ई-बस जैसे ग्रीन ट्रांसपोर्ट सिस्टम शुरू किए हैं.






# राजद और कांग्रेस के प्रचार गीतों में जंगलराज की आहट : पीएम

**छपरा**, 30 अक्टूबर **(वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को छपरा में एक चुनावी सभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस की नीयत इनके चुनाव प्रचार के गीतों से ही पता चलती है, जिनमें एक नए जंगलराज की आहट है.**

राजद कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र नहीं...अपनी रेटलिस्ट जारी की है. उन्होंने कहा कि उनकी इनकी हर घोषणा के पीछे का असली मकसद...रंगदारी, फिरौती, लूट-खसूट, भ्रष्टाचार...यही सब है. उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि बिहार के लोग राजद-कांग्रेस के झूठे वादों के झांसे में नहीं आने वाले हैं और एक बार फिर राज्य में राजग की सरकार बनाएंगे. मोदी ने कहा कि सामाजिक न्याय के नाम पर राजद-कांग्रेस ने लोगों को सिर्फ धोखा दिया है. सच्चाई यह है कि ये लोग डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का अपमान करने में गर्व करते हैं.